
26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : शनिवार, 22 नवम्बर, 2025
अंक- 29 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12


समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की

*जयंती पर उन्हें ख़िराज-ए-अक़ीदत*


मुनव्वर अली
संस्थापक सदस्य
समाजवादी पार्टी, नजीबाबाद

# हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी- मोहन भागवत



**इम्फाल (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मणिपुर के दौरे पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपने संबोधन में सभ्यता, समाज और राष्ट्र की शक्ति का जिक्र किया। इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हमने समाज का एक बेसिक नेटवर्क बनाया है, उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। अगर हिंदू नहीं रहेगा, तो दुनिया नहीं रहेगी। भागवत ने कहा, परिस्थिति का विचार तो सबको करना पड़ता है, परिस्थिति आती है और जाती है। दुनिया में सब देशों पर तरह-तरह की परिस्थिति आई, गई। कुछ देश उसमें समाप्त हो गए। यूनान, मिस्त्र और रोमां सब मिट गए, यहां से, कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। उन्होंने कहा, भारत एक अमर समाज, अमर सिविलाइजेशन का नाम है। बाकी सब आए, चमके और चले गए, लेकिन इन सबका उदय और अस्त हमने ही देखा। हम अभी भी हैं और रहेंगे, क्योंकि हमने अपने समाज का एक बेसिक नेटवर्क बनाया है। उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी। क्योंकि धर्म का सही अर्थ और मार्गदर्शन दुनिया को समय-समय पर हिंदू समाज ही देता है। यह हमारा ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है। भागवत ने कहा कि हर समस्या का अंत संभव है। उन्होंने नक्सलवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब समाज ने तय किया कि अब यह बर्दाश्त नहीं होगा, तब यह खत्म हो गया। उन्होंने कहा, ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त नहीं होता था, लेकिन भारत में उनके सूर्यास्त की शुरुआत हुई। इसके लिए हमने 90 साल प्रयास किए। 1857 से 1947, उस लंबे समय तक स्वतंत्रता के लिए हम सब लोग लड़ते रहे, वह आवाज कभी हमने दबने नहीं दी। कभी कम हो गई, कभी बढ़ गई, लेकिन दबने कभी नहीं दी।

## हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होनी चाहिए

उन्होंने आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि देश को ऐसा होना चाहिए कि वह किसी पर निर्भर न रहे। भागवत ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था पूरी तरह आत्मनिर्भर होनी चाहिए। हम किसी पर डिपेंडेंट नहीं होने चाहिए। हमारे पास इकोनॉमिक एबिलिटी, मिलिट्री एबिलिटी और नॉलेज एबिलिटी होनी चाहिए, यह बढ़नी चाहिए। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि देश सुरक्षित रहे, समृद्ध रहे और कोई भी नागरिक दुखी, दरिद्र या बेरोजगार न हो। सब लोग देश के लिए काम करें और आनंद से जीवन जिएं।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281


डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ


मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)



सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24X7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# दिल्ली में पकड़ा गया PAK से भेजे गये हथियारों का जखीरा



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए अत्याधुनिक हथियारों की सप्लाई कुख्यात गैंगस्टरों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, इन हथियारों की खेप पंजाब के रास्ते भारत लाई गई थी और इसे लॉरेंश बिश्नोई, बमबीहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग तक सप्लाई किया जाना था। बरामद हथियारों में तुर्की और चीन में बने हाई-टेक वेपन्स शामिल हैं। क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर राजधानी में हथियारों की बड़ी सप्लाई करने पहुंचने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी इलाके में जाल बिछाकर इन आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आधुनिक हथियार बरामद किये हैं और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि हथियारों की यह बड़ी खेप दिल्ली के रोहिणी इलाके से बरामद की गई। क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर राजधानी में हथियारों की सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद टीम ने मौके पर ट्रैप लगाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आवश्यकता है
एक सेल्समैन की

बिजनौर में आयुर्वेदिक दवा कंपनी के लिए
केवल अनुभवी को वरीयता
संपर्क करें
9012105000

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 23 नवम्बर 2025**

मेष- दिन शुभ, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, विवादास्पद मसला सुलझने को, धर्म में आस्था, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, संत समागम से परिवार में खुशी।

वृषभ- योजना अधूरी व्यावसायिक निराशा, विरोधी प्रभावी, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, मित्रों से तनाव, राजकीय पक्ष से उलझनें, बने-बनाये कार्यों में बाधा, धनहानि सम्भव।

मिथुन- परिस्थितियां सुधार पर आत्मबल में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, विकास का मार्ग प्रशस्त, यात्रा का सुयोग।

कर्क- ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, सुपरिचितों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय में प्रगति, पुराने विवाद के समापन से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।

सिंह- नवीन कार्यों में सफलता का सुयोग, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, यश-मान-सम्मानपरक कृत्य संपन्न, धनागम में अनुकूलता।

कन्या- स्वास्थ्य प्रतिकूल, व्यापारिक गतिरोध, मानसिक अशांति, व्यय की अधिकता, स्वजनों से अनबन, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, व्यर्थ भ्रमण से धनहानि की आशंका।

तुला- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यों में सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, संत समागम, आवागमन में अनुकूलता, आत्मिक शान्ति की अनुभूति।

वृश्चिक-दिन शुभ, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, स्वाध्याय की ओर रुझान, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, कार्यक्षमता में वृद्धि, विवाद समापन पर, मनोविनोद के सुअवसर।

धनु- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, स्वास्थ्य में अनुकूल सुधार, विरोधी परास्त, आहार-विहार में नवीनता की झलक, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, नवसम्पर्क उपयोगी।

मकर- एकाग्रता का अभाव, कार्यसिद्धि में कठिनाइयां, राजकीय पक्ष से उलझनें, धन का अभाव, जीवन साथी के कुछ कष्ट, वाहन से परेशानी, विचारों में उग्रता, मन उदास।

कुम्भ- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, आत्मबल में वृद्धि, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, मन प्रसन्न, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पूँजी का प्रतिफल, मन में खुशी।

मीन- स्वास्थ्य सुधार की ओर, व्यापारिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, परोपकार की भावना जागृत।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# सफल रहा समाजसेवियों का प्रयास कैम्प में भरे गये फार्म चार सौ पचास



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में एस.आई.आर फार्म से संबंधित औपचारिकताएं आसान बनाने के उद्देश्य से मोहल्ला मंझौली स्थित बैंकट हॉल में एक विशेष सहायता कैम्प का आयोजन किया गया। नगर पालिका और समाजसेवी युवाओं की संयुक्त पहल पर लगाए गए इस कैम्प में सुबह से ही लोगों की आवाजाही बनी रही। स्वयंसेवी टीम और नगर पालिकाकर्मियों ने नगरवासियों के फार्म मुफ्त में भरवाकर बीएलओ को सौंपे। कैम्प के दौरान कुल 450 एस.आई.आर फार्म पूरे कर बीएलओ अफजलगढ़ को जमा किए गए। सभासद कलवा कुरैशी ने कहा कि एस.आई.आर प्रक्रिया को लेकर लोग परेशानी महसूस कर रहे थे। फॉर्म की जानकारी और दस्तावेजों की जांच को लेकर असमंजस में थे। ऐसे में यह कैम्प जनता के लिए बड़ी राहत साबित हुआ है। हमारी कोशिश थी कि कोई भी व्यक्ति बिना सहायता के वापस न जाए। युवाओं ने पूरे समर्पण के साथ काम किया, जो सराहनीय है। आगे भी इसी तरह जनहित के कार्यक्रम जारी रखे जाएंगे। कैम्प के दौरान चेयरपर्सन पति जावेद विकार, सभासद कलवा कुरैशी, सभासद मोहम्मद चांद, समाजसेवी पत्रकार शुऐब कुरैशी, समाजसेवी फईम कस्सार, सुरूश अनवर मसूद एडवोकेट, मुफ्ती अब्दुल वसी, सभासद पति शहजाद अंसारी, सभासद पुत्र इरफान अहमद, समाजसेवी अब्दुल करीम, इकबाल अहमद, मौलाना दानिश, उवैश मुख्तार, इमामुद्दीन कस्सार, अदनान करीम, मोहम्मद समीर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## रोहित रवि ने भरवाये प्रपत्र



**नगीना ( चिंगारी )।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के भाग संख्या 160 एवं 168 में अभियान चलाकर लगभग 100 लोगों को जागरुक कर उनके प्रपत्र भरवाए। इस मौके पर उन्होंने बताया कि वह इस कार्यक्रम को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम संबंधी सही जानकारी विधानसभावासियों को दी जा रही है एवं आवश्यक मदद की जा रही है। इस मौके पर नरेश सिंह, बाबूराम सिंह, सीताराम सिंह, सुनील कुमार, प्रकाश सिंह,वीरेंद्र कुमार, मोनू कुमार, शुगम सिंह, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्योहारा चीनी मिल ने किया गन्ना भुगतान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** अवध चीनी मिल ने गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए 6 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक की गन्ना खरीद के सापेक्ष 33.06 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। पेराई सत्र की शुरुआत के साथ ही मिल द्वारा तेजी से भुगतान किए जाने को किसानों ने सराहा है। स्योहारा अवध चीनी मिल में पेराई सत्र 7 नवंबर 2025 को शुरू हुआ। मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने बताया कि 6 नवंबर से वाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ना खरीद आरंभ कर दी गई थी, जबकि 7 नवंबर से मिल गेट पर गन्ना क्रय शुरू होने के साथ ही पेराई कार्य का शुभारंभ हुआ। 6 से 15 नवंबर के बीच हुई गन्ना आपूर्ति के आधार पर 10 दिनों का कुल 33.06 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी गन्ना मूल्य भुगतान इसी तीव्र गति से जारी रहेगा। उपाध्यक्ष (गन्ना) प्रमोद कुमार ने किसानों से अपील की कि सभी किसान मिल गेट और वाह्य क्रय केंद्रों पर केवल साफ-सुथरा और ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। साथ ही समिति से पर्ची प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की छिलाई करने का अनुरोध किया। तेजी से भुगतान और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया ने किसानों में उत्साह का संचार किया है, वहीं मिल प्रबंधन की सक्रियता से पेराई सत्र के सुचारू संचालन की उम्मीदें मजबूत हुई हैं।

**10 दिनों में 33 करोड़ रुपए पहुंचे किसानों के खातों में**

## सीओ ने किया फायरिंग रेंज का निरीक्षण

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक कुमार ने शाहपुर लाल फायरिंग रेंज का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह उनके साथ रहे। वहां पहुंचकर सीओ ने सुरक्षा मानकों और शास्त्र संचालन आदि व्यवस्था को परखा। इस दौरान रेंज बढ़ाने और साफ सफाई आदि के संबंध में भी दिशा निर्देश दिये गये।

## पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

### कोच कपिल राणा चुने गये सचिव



**बिजनौर/नांगल सोती( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट पैरा एथलेटिक एसोसिएशन बिजनौर की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया है। सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच कपिल राणा को एसोसिएशन का सचिव चुना गया है। उन्हें एसोसिएशन का सचिव नियुक्त किये जाने पर जिले के पैरा एथलीट्स में उत्साह का माहौल है, क्योंकि कपिल राणा लम्बे समय से एथलीट्स को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कपिल राणा का कहना है कि वे जनपद के एथलीट्स को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही नये एथलीट्स को तलाशने, तराशने को भी प्राथमिकता दी जायेगी। डिस्ट्रिक्ट पैरा एथलेटिक एसोसिएशन बिजनौर की नई कार्यकारिणी में कविता यादव को अध्यक्ष, आशीष राजपूत को ज्वाइंट सेक्रेट्री तथा हिमांशु कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त तेजपाल सिंह, उज्जवल चौहान और श्याम कुमार को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन से जिले में पैरा खेलों के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। एसोसिएशन ने आगामी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया है, ताकि बिजनौर के दिव्यांग खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

## सौफ़तपुर में 3 दिसम्बर को पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी में 3 दिसम्बर को जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स व पैरा पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जायेगा। दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों के क्षेत्र में बेहतर मंच प्रदान करने और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स व पैरा पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल उपलब्ध कराया जायेगा तथा उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान देने का प्रयास किया जायेगा। डिस्ट्रिक्ट पैरा एथलेटिक एसोसिएशन के नवनियुक्त सचिव कपिल राणा ने बताया कि चैम्पियनशिप में सभी भार वर्ग पैरा ओलंपिक समिति के मानकों के अनुसार निर्धारित किये गये हैं। खिलाड़ियों के लिये न्यूनतम क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड प्राप्त करना अनिवार्य होगा। चैम्पियनशिप के आयोजन हेतु तैयारियां की जा रही हैं।

# थाने में लगा टैंट हटाया, पुलिस अधिकारियों ने धरना समाप्त कराया

## छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस ने मांगा दो दिन का समय

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रहस्यमय ढंग से लापता हुई छात्रा की बरामदगी की मांग को लेकर छात्रा के परिजनों ने ग्रामीणों व किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों के साथ थाना कोतवाली शहर में धरना दे रखा था। इतना ही नहीं, उन्हेंने थाने के अंदर बाकायदा टैंट भी लगा रखा था, जिसे लेकर पुलिसिंग पर भी सवाल उठ रहे थे। गत रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस ने टैंट को उखाड़ दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और धरना दे रहे लोगों के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला भी पुलिस अधिकारियों से तीखी नोक झोक करते दिखाई दे रही है। साथ ही पुलिस वाले टैंट को उखाड़ते नजर आ रहे है।

उधर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के मण्डल अध्यक्ष दयाराम सिंह के अनुसार पुलिस अधिकारियों ने छात्रा की बरामदगी के लिये दो दिन का समय मांगा है। इस पर किसान यूनियन ने धरना समाप्त कर दिया। हालांकि वीडियो में नजर आ रही महिला लोगों से बार-बार वहीं बैठने की अपील कर रही है। एक तरफ पुलिस अधिकारियों की धरने पर बैठे लोगों से नोक-झोंक हो रही थी तो दूसरी तरफ पुलिसकर्मी चुपचाप टैंट उखाड़ने में लगे हुये थे।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से सटे एक गांव की लड़की कक्षा 9 में बिजनौर के एक कॉलेज में पढ़ती है। रोज की तरह वह 15 नवंबर को घर से कॉलेज जाने के लिये निकली थी। उसके बाद से वह घर नहीं लौटी। छात्रा का पता लगाने के लिये पिछले 5 दिन से उसके परिजन, ग्रामीण व भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारी थाना कोतवाली शहर बिजनौर में बाकायदा टैंट लगाकर धरना दे रहे थे। कल शाम शिवसेना के जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह भी समर्थन देने के लिये थाने पहुंचे थे।

रात्रि करीब ढाई-तीन बजे एएसपी देहात व सीओ सिटी संग्राम सिंह थाने पहुंचे और लोगों से धरना समाप्त करने का आग्रह किया। एएसपी सिटी ने कहा कि वे इस तरह थाने में टैंट लगाकर धरना नहीं दे सकते। लापता छात्रा की मां व धरने पर बैठे अन्य लोगों की एएसपी देहात से तीखी नोक-झोंक हुई। एक तरफ अधिकारी लोगों से बात करते रहे, दूसरी तरफ कुछ पुलिसकर्मी टैंट उखाड़ने में लगे रहे। काफी देर तक हुई नोक-झोंक के बाद पुलिस अधिकारियों ने धरने पर बैठे लोगों को दो दिन का समय लेकर धरना समाप्त करने को राजी कर लिया। भाकियू प्रधान के मण्डल अध्यक्ष दयाराम सिंह ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने लड़की के परिजनों को संतुष्ट कर धरना समाप्त कराया है। उनके अनुसार पुलिस ने कोई जोर जबर्दस्ती नहीं की। दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्रा की बरामदगी के लिये पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं। शीघ्र ही छात्रा को बरामद कर लिया जायेगा।

### रास्ता जाम करने की अफ़वाह पर सतर्क हुई पुलिस, जगह-जगह किया गया पुलिसबल तैनात




उल्लेखनीय है कि थाने से धरना समाप्त होने के बाद यह बात फैल गई कि किसान शनिवार को जिला मुख्यालय पर रास्ता जाम करेंगे। इसके चलते पुलिस सुबह से ही अलर्ट मोड पर रही। जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिया गया। किसान नेताओं पर पुलिस नजर रखे रही। भाकियू प्रधान के चांदपुर क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष गुरमीत सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। स्थिति साफ होने पर ही पुलिस ने गुरमीत सिंह को छोड़ा। शिवसेना के जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह व उनके कई साथियों को भी पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। भाकियू प्रधान के मण्डल अध्यक्ष दयाराम सिंह ने बताया कि उनके संगठन की ओर से जाम लगाने की कोई घोषणा नहीं की थी।



## वीर सिंह को हाउस अरेस्ट किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** धरने में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस ने शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया।

चौ. वीर सिंह ने बताया कि जंदरपुर गजरौला व झलरी निवासी दो लड़कियां गायब हैं, उनको सकुशल बरामद किए जाने की मांग को लेकर बिजनौर में धरना चल रहा है, शनिवार को उन्हें धरने में शामिल होने के लिए बिजनौर जाना था, लेकिन रात्रि में लगभग तीन बजे पुलिस ने ग्राम बागड़पुर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने पुलिस प्रशासन से गायब हुई लड़की को शीघ्र सकुशल बरामद किए जाने की मांग की। उन्होंने दोटूक कहा कि यदि गायब हुई लड़की को शीघ्र बरामद नहीं किया गया तो शिवसेना कार्यकर्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!

Hero

★नियम व शर्तें लागू

Good Life Gift Voucher

कविता मोटर्स

हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर

मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## सबसे बड़ा सवाल न्याय का है!

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन जो आज दो सौ पचास से अधिक स्वयसेवी संस्थाओ के नेटवर्क साथ भारत के 416 जिलों में कार्य कर रहे हैं, कहते है, 'अगर हम अभी अपने बच्चों की रक्षा करने में विफल रहते हैं, तो भविष्य में हम जो कुछ भी करेंगे उसका कोई महत्व नहीं होगा।' भुवन का विश्वास है कि लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ न्याय है। उन्होंने भारत और दुनिया भर में यौन अपराधों के शिकार बच्चों और महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। बाल विवाह, बाल श्रम, तस्करी और शोषण के खिलाफ जंगपिछले 20 वर्षों में बच्चों की सुरक्षा के लिए 60 से अधिक जनहित याचिकाएं दायर की हैं, जिनमें से कई पर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले दिए हैं। भुवन जो वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। भुवन वाल विवाह के विरुद्ध पूरी दुनिया में एक अभियान चला रखा है। उनका मानना है हम सभी यह ठान ले कि हम बाल विवाह नहीं होने देंगे यह सबसे बड़ा संकल्प होगा। चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड एक वैश्विक अभियान है जो बाल विवाह को समाप्त करने के लिए काम कर रहा है। इसका उद्देश्य समुदायों में बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना और उन्हें इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना। चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड का गठन भारत में बाल विवाह के खिलाफ एक सफल अभियान के बाद किया गया था, जिसमें 50 मिलियन से अधिक लोगों ने भाग लिया था। जेआरसी का लक्ष्य 2030 तक भारत को बाल विवाह मत्त्क्त बनाना है और इसके लिए वे सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अभी हाल ही में यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख अंग है, जो सभी सदस्य देशों को समान वोट का अधिकार देता है। बाल विवाह कोई संस्कृति नहीं, परंपरा नहीं, भाग्य नहीं है। यह एक अपराध है, यह बाल बलात्कार है। और कानून की शक्ति से इसका खातमा किया जा सकता है। आइये हम लड़कियों के साथ खड़े हों और उनके नेतृत्व का समर्थन करें।

# लौह पुरुष यूं ही नहीं बन जाते

कोई यूं ही सरदार पटेल नहीं बन जाता। 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में जन्मे वल्लभभाई पटेल को आज पूरा देश लौह पुरुष के नाम से जानता है।

लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि आखिर सरदार पटेल को लौह पुरुष क्यों कहा जाता है? लौह पुरुष- अर्थात ऐसा व्यक्तित्व जिसमें हिम्मत पर्वतों को भी हिला दे, ऐसा साहस जो किसी भी संकट के सामने झुकने न पाए और ऐसा त्याग जिसके सामने प्रधानमंत्री जैसा पद भी छोटा लगने लगे। इतिहास के पन्ने खोलते हैं तो सरदार पटेल का वही त्याग, वही दृढ़ता और वही राष्ट्रभक्ति उन्हें लौह पुरुष बनाती है।



### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव: जिसने इतिहास बदल दिया

अप्रैल 1946- भारत स्वतंत्रता के द्वार पर खड़ा था। अंग्रेजों के जाने के बाद जो कांग्रेस का अध्यक्ष बनता, वही स्वतंत्र भारत का पहला प्रधानमंत्री बनना तय था।

उस समय नियम था कि देश की 15 प्रदेश कांग्रेस कमेटियों में से जिसके नाम का प्रस्ताव सबसे अधिक आएगा, वही अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनेगा। 15 में से 12 प्रदेश कांग्रेस कमेटियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम भेजा। तीनों शेष कमेटियों ने नाम भेजने से इनकार किया। इसका अर्थ था कांग्रेस अध्यक्ष पद के एकमात्र दावेदार सरदार पटेल ही थे।

लेकिन यहां सरदार पटेल ने वह कर दिखाया जो उन्हें 'लौह पुरुष' बनाता है। इस निर्णायक समय पर सरदार पटेल महात्मा गांधी (बापू) के पास गए और पूछा—

'बापू, क्या मैं कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ूं?'

बापू ने कहा-

'सरदार, आप चुनाव मत लड़िए।'

सरदार पटेल ने बापू के सम्मान और उनके प्रति श्रद्धा में एक भी पल सोचे बिना, प्रधानमंत्री बनने का अवसर त्याग दिया। यहां कहना आवश्यक है कि हम बापू की नीयत पर प्रश्न नहीं उठाते। उनके मन में उस समय क्या था, यह इतिहास का विषय है। लेकिन जो विषय स्पष्ट है, वह है सरदार पटेल का त्याग, उनका अनुशासन, और उनका राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव।

**राम जैसे त्याग की मिसाल**

जिस प्रकार राजा दशरथ के आदेश को मानकर भगवान राम ने राज सिंहासन छोड़ वनवास स्वीकार कर लिया और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए,उसी प्रकार सरदार पटेल ने भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा पर राष्ट्रहित को रखा।

प्रधानमंत्री पद उनकी मुट्ठी में था, लेकिन उन्होंने सम्मान, आदर्श और अनुशासन का मार्ग चुना। यही त्याग, यही समर्पण, यही दृढ़ निष्ठा उन्हें 'लौह पुरुष' बनाती है।

### राष्ट्र की एकता के निर्माता

सरदार पटेल ने 562 रियासतों को भारत की एकता में जोड़कर ऐसा अद्भुत कार्य किया, जो किसी लौह-इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति के बिना संभव ही नहीं था।

उनके निर्णय कठोर थे, परंतु हर निर्णय भारत माता के हित में था। न कोई मोह, न कोई प्रलोभन केवल देश, देश और देश।



आज जब भारत सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है, तो हमारा कर्तव्य है कि हम उस महान आत्मा के साहस, त्याग और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को याद करें।

-चौ. दिगम्बर सिंह
बिजनौर

# जब भगवान के मेहमान बन गए देशभर के ज्योतिष विद्वान

माउंट आबू-प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मानसरोवर, माउंट आबू परिसर में चल रहे 5 दिवसीय अकल्ट परिवार मिलन राजयोग शिविर के स्वागत सत्र में संस्था महासचिव राजयोगी बीके करुणा भाई व राजयोगिनी डॉ. सविता दीदी ने देशभर से आए ज्योतिष विद्वानों व प्रसिद्ध हस्तियों का दिल खोलकर स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान का घर है और आप सब भगवान के मेहमान बनकर यहां आए हैं। बीके बिंदु दीदी ने ब्रह्माकुमारीज संस्था का परिचय कराया तो मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, हरि के द्वार हरिद्वार व विश्वकर्मा की नगरी रुड़की से यहां आकर लगता है कि वास्तव में माउंट आबू में ब्रह्माकुमारीज ही परमात्मा का वह असली घर है, जहां आकर परमात्मा की अनुभूति होती है। उत्तराखंड में संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे संस्कृत भारती के अध्यक्ष डॉ. आनन्द भारद्वाज ने अपने सम्बोधन में राजयोग की विधि एवं उसके लाभ को विद्वतापूर्ण शब्दों में परिभाषित किया। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत तीनों भाषाओं में राजयोग की महिमा की। ज्योतिष गुरु गोपाल राजू ने ग्रह विज्ञान की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्योतिष व्यवसाय का विषय ने बल्कि सेवा भाव का विषय है। आध्यात्मिक चिंतक अर्जुन राम ने अकल्ट परिवार मिलन के कार्यक्रम को राजयोग शिविर के रूप में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कराए जाने का स्वागत किया, जबकि विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन ने राजयोग अभ्यास से हुए जीवन में लाभ से जुड़े संस्मरण सुनाए और कहा कि ब्रह्माकुमारीज न सिर्फ देश-दुनिया में ईश्वरीय वाणी के माध्यम से हिंदी की सेवा कर रही हैं, बल्कि इंसान को देवता बनाने का विश्वव्यापी प्रशिक्षण दे रही हैं। राजयोगी बीके सुशील भाई के संचालन में बीके मीना दीदी ने राजयोग का अभ्यास कराया।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, अस्पताल पर हंगामा

## चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप



अस्पताल के बाहर हंगामा करते मृतका के परिजन व ग्रामीण।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के एक अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने व बाद में उसकी मौत हो जाने पर परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगाम किया। क्षेत्र के ग्राम जहानाबांद निवासी रतिराम की पत्नी कविता को दो दिन पूर्व नगर के हरिद्वार मार्ग पर टैम्पू स्टैंड के समीप स्थित निजी नर्सिंग होम पर प्रसव के लिए भर्ती कराया था। बीती रात अस्पताल में उसकी डिलीवरी की गई। जिसमें उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला की अस्पताल में हालत बिगड़ गई। जिसके बाद अस्पताल से महिला को जौलीग्रांट रेफर कर दिया गया। जौलीग्रांट में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन उसका शव लेकर नजीबाबाद डिलीवरी वाले अस्पताल पर पहुंचे तथा महिला के शव को अस्पताल के बाहर रखकर हंगामा करते हुए डिलीवरी में चिकित्सकों की लापरवाही से महिला की हालत बिगड़ने तथा इसी कारण उसकी मौत होने का आरोप लगाते हुए चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

# अब कतर में गूंजेगी मुफ्ती उवैस अहमद शिबली कासमी की आवाज

## हिंदुस्तान का नाम विदेशों तक रोशन कर रहे



नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंदुस्तान की दुबई, बांग्लादेश, नेपाल में नुमाईनदगी कर चुके नगर के मौहल्ला हवेलीतला स्थित सय्यदो वाली मस्जिद के इमाम व शेख उल हदीस जामिया खदीजातुल कुबरा नजीबाबाद मुफ्ती उवैस अहमद शिबली कासमी की आवाज अब कतर में गूंजेगी। मुफ्ती उवैस अहमद शिबली कासमी हिंदुस्तान की मशहूर व मारूफ व मायानाज शख्सियत है, जिन्हें अल्लाह ने बहुत सारी सलाहियतों से नवाजा है। उनका निजामत का अंदाज बहुत ही उम्दा व मिसाली है। जिसकी वजह से उनकी मकबुलियत सिर्फ हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान के बाहर भी बहुत ज्यादा है। यही वजह है कि वह काफी बार दुबई, बांग्लादेश व नेपाल वगैरा में बड़े-बड़े स्टेज पर निजामत करके लोगों को अपना दीवाना बना चुके है। मुफ्ती उवैस अहमद शिबली कासमी अब दिसम्बर 2025 में होने जा रहे कतर में इंटरनेशनल लेवल के प्रोग्रामों में अपनी निजामत का जलवा बखेरेंगे। जिस से पता चलता है कि मुफ्ती साहब सिर्फ नजीबाबाद या जिला बिजनौर का ही नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान का नाम सारी दुनिया में रोशन कर रहे हैं।



# दूसरा मैच हल्द्वानी क्लब व बिजनौर स्टेडियम के बीच हुआ

नजीबाबाद (चिंगारी)। एनसीसी क्रिकेट क्लब की ओर से स्टैब्स ग्राउंड में चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच हल्द्वानी क्लब व बिजनौर स्टेडियम के बीच हुआ। मैच में पहले टॉस जीतकर बिजनौर स्टेडियम ने बल्लेबाजी करते हुए 152 रन का स्कोर दिया। बिजनौर की तरफ से सबसे ज्यादा रन प्रिंस ने बनाये। हल्द्वानी क्रिकेट एकेडमी ने दूसरी इनिंग खेलते एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। हल्द्वानी की तरफ से हर्ष त्यागी ने 34 गेंद में 103 रन नाबाद पारी खेली। हल्द्वानी की तरफ से मैन ऑफ द मैच शीवेन मल्होत्रा रहे, जिन्होंने सात विकेट लिए 13 रन खर्च किये। मैन ऑफ द मैच शीवेन को एनसीसी क्लब के पूर्व कप्तान फरासत खान ने दिया।

# बेटियां बहलाने, फुसलाने व ललचाने वालों से सावधान रहें: पायल


मिशन शक्ति का पम्पलेट दिखाती पुलिस टीम व छात्राएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में नारी सशक्तिकरण पर एसआई पायल तोमर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को किसी भी बात से घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस हरदम उनके साथ है। छात्राओं को समाज ऐसे लोगों से सावधान रहना है जो उन्हें बहलाने, फुसलाने व ललचाने का काम करते हैं। यदि कोई उन्हें गलत ढंग से छूने का प्रयास करता है तो उसे बेझिझक अपने माता-पिता को बताये। ऐसा करने वाला आपका निकट संबंधी भी हो सकता है। जरूरत हो तो पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 1090 पर तुरंत सूचना दें। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया के खतरों से भी अवगत कराया। इंस्टाग्राम आदि पर अपने फोटो डालने में सावधानी बरतने को कहा क्योंकि फोटो को गलत ढंग से एडिट करने के खतरे बढ़ गये हैं। साइबर क्राइम के द्वारा पैसे उगाहने और ब्लैकमेल करने के खतरे से बचने के उपाय भी बताये। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने छात्राओं को सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतने व छात्र जीवन में पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने पुलिस विभाग से आये अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुमुद कुमार ने किया। रश्मि अवस्थी, चंचल चावला, तनिशा, खुश्बू, सरिता कपूर, आंचल अग्रवाल, योगेन्द्र, मानवीर, राशू आदि ने सहयोग किया।

# खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास संभव: नितेश प्रताप

## द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी में खेलकूद का शुभारंभ


छात्रों को मेडल पहनाते सीओ नितेश प्रताप सिंह।

नजीबाबाद (चिंगारी)। द्रोण इंटरनेशनल एकेडमी निकट मोटा महादेव नजीबाबाद में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सीओ नितेश प्रताप सिंह रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर खेलों का शुभारंभ किया। खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से नर्सरी क्लास में जिग जैक रेस में प्रथम इनायत, एनिमल वॉक रेस में प्रथम अदनान द्वितीय कृतिक व तृतीय अयांश रहे। इसी क्रम में यूकेजी क्लास में 50 मीटर की रेस में प्रथम स्थान लविश, द्वितीय स्थान राघव तथा तृतीय स्थान हरिंदर ने प्राप्त किया। अम्ब्रेला रेस में अदिति, सृष्टि व कीर्ति ने बाजी मारी। सब जूनियर लिविल कैटागरी में स्कूली छात्र-छात्राओं ने क्रिकेट कबड्डी तथा खो खो का आनंद लिया। मुख्य अतिथि सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक दोनों विकास होते है। डायरेक्टर वसीम अहमद बख्श ने कहा कि की हर वर्ष की भांति इस बार भी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मंडावली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, मोटा महादेव चैकी इंचार्ज सोनू कुमार, दारोगा महेशचंद आदि ने बच्चों को नारी शक्ति व समाज में हो रहे साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। खेलकूद प्रतियोगिता की इंचार्ज रेणु बिष्ट, याशिका राणा, मेहर सिंह, प्राची चहल, प्रियंका, मधु शर्मा आदि द्वारा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। स्कूल कॉअर्डिनेटर राहुल चौहान व सना की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# मंदबुद्धि किशोरी से किया था दुराचार पुलिस ने मुठभेड़ में कर लिया गिरफ्तार

## मुठभेड़ के दौरान टांग में लगी गोली



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की के साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने आज सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20/11/2025 को एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी 16 वर्षीय लड़की जो मानसिक रूप से कमजोर है से 6 माह पूर्व यूसुफ दूधिया पुत्र बल्ले उर्फ असगर निवासी ग्राम जफरपुर थाना नजीबाबाद ने गन्ने के खेत में ले जाकर गलत काम किया जिससे लड़की गर्भवती हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी व कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि आज सुबह 4 बजे पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मुकदमे का आरोपी यूसुफ रामा पेपर मिल के पास खड़ा है और भागने की फिराक में है। पुलिस ने पहुंचकर घेराबंदी की और पकड़ने का प्रयास किया तो यूसुफ फायरिंग करते हुए भागने लगा। यूसुफ की चलाई गई गोली सिपाही परमिंदर की बाजू को छूकर निकल गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में गोली चलाई, तो यूसुफ के दाहिने पैर में लग गई और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यूसुफ को कब्जे से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोका कारतूस बरामद हुआ। घायल सिपाही व घायल अभियुक्त को इलाज हेतु अस्पताल ले गई।

# रेलवे ट्रैक कर रही थी पार, लाइनों के बीच फंस गई कार



नहटौर रेलवे फाटक के रेलवे ट्रैक पर फसी हुई कार।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर रेलवे फाटक से गुजरने वाली रेलवे लाइनों की मरम्मत होने के बाद इसे 21 नवंबर, शुक्रवार को आवागमन के लिए खोल दिया गया था, जहां आज प्रात: अचानक रेलवे ट्रैक पार करते हुए एक कार रेल लाइन के बीच में फंस गई, जिससे कार में बैठे लोगों में अफरा तफरी मच गई। हुआ यूं कि आज प्रात: नहटौर रेलवे फाटक पर जब एक ट्रेन गुजरी तो केबिन मैंन ने फाटक को खोल दिया। इसके बाद एक कार इस रेलवे ट्रैक से गुजर रही थी कि रेलवे लाइनों के बीच गैप होने के कारण कार का पहिया उसमें फंस गया। कार चालक ने पहिए को निकालने की काफी कोशिश की परंतु वह कामयाब नहीं हो सका जिससे कार में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। यह नजारा देख रहे आसपास के लोग पहुंचे और किसी ने कार का बोनट उठाया तो किसी ने पहिया उठाया कड़ी मशक्कत के बाद फंसी हुई कार को रेलवे लाइन के बीच से निकाला गया। उल्लेखनीय है कि नहटौर रेलवे फाटक को 11 से 15 नवंबर तक रेलवे ट्रैक की मरम्मत के लिए बंद किया गया था परंतु यह कार्य 20 नवंबर को पूरा हुआ था। 21 नवंबर को रेलवे ने फाटक पर आवागमन शुरू कर दिया था। रेलवे विभाग ने रेलवे लाइन के बीच अभी भराव ही किया है उस पर पक्की सड़क नहीं बनाई है जिस कारण कार का पहिया रेलवे लाइन के बीच फंस गया था।

## आखिर कब बनेगा अंडरपास?

**धामपुर ( चिंगारी )।** लगातार 10 दिन तक नहटौर रेलवे फाटक बंद रहने के कारण जैतरा रेलवे क्रॉसिंग पर आवागमन बढ़ गया था। ऐसे में वहां जाम की समस्या पैदा हो गई। जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के निकट दुकान करने वाले मनोज कुमार का कहना है कि रेलवे विभाग ने जैतरा रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाए जाने का बजट जारी कर दिया है। नापतौल भी हो गई है, नक्शा भी बन गया है, इसके बावजूद पिछले डेढ़ साल से रेलवे विभाग, अंडरपास का निर्माण नहीं कर रहा है जिस कारण व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ई-रिक्शा वैलफेयर सोसायटी की नई कार्यकारिणी गठित

## शशिकांत अध्यक्ष, खुर्शीद अंसारी महामंत्री बने



**धामपुर ( चिंगारी )।** जनता मिनी ई रिक्शा वेलफेयर सोसाइटी धामपुर की आगामी वर्ष (2026) की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। पुरानी तहसील पर मकबूल अहमद की अध्यक्षता और पत्रकार खुर्शीद अंसारी के संचालन में नवगठित कमेटी के सर्व सम्मति से वसीम शेख और शमशाद अहमद संरक्षक, शशिकांत शर्मा अध्यक्ष, खुर्शीद अंसारी महामंत्री, मोहम्मद शादाब उपाध्यक्ष, मोहम्मद उस्मान उपसचिव, साजिद हुसैन कोषाध्यक्ष, मोहम्मद आबिद प्रचार सचिव, हरपाल सिंह संगठन सचिव, मकबूल अहमद, मोहित वर्मा, दिलशाद अहमद, मोहम्मद नबी और नियाजउद्दीन सदस्य कार्यकारिणी बनाये गये। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। साथ ही नगर के रिक्शा चालकों को मिनी ई रिक्शाओं पर रेडियम लगाने का निर्णय लिया गया। सोसाइटी की बैठक में शशिकांत शर्मा, खुर्शीद अंसारी पत्रकार, उस्मान अहमद, हरपाल सिंह, मकबूल अहमद, मोहम्मद शादाब, दिलशाद अहमद, आबिद हुसैन, मोहम्मद आबिद, मोहित वर्मा, नियाजउद्दीन अली, मोहम्मद घसीटा, फखरुद्दीन, सोहन सिंह, पूरन सिंह, सोमनाथ सिंह मौजूद रहे।

# फर्जी बैनामा करने के मामले में पांच गिरफ्तार

## मास्टर माइंड ससुर-दामाद फरार



**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र में भूमि के विवाद के नाम पर पड़ोसी को फंसाने की साजिश रचने वाले गिरोह के पांच सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जबकि मास्टरमाइंड बताये जा रहे सेवानिवृत्ति दरोगा राजेंद्र सिंह व उनका दामाद अमित कुमार सिंह तथा वीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमित कुमार सिंह ने अपने ससुर व परिचितों के साथ मिलकर स्वयं फर्जी बैनामा कराकर पड़ोसी संदीप गहलोत व सरीन गहलोत को उनको फंसाने के लिए साजिश रची थी। अमित ने अपने परिचित सुरेंद्र उर्फ पुनीत को अमित कुमार बनाकर बैनामा कर दिया। बाद में पड़ोसियों पर ही जमीन बेचने का आरोप मड़ दिया। एसपी पूर्वी एसके श्रीवास्तव की जांच के मामले में सामने आया कि पुलिस ने परवेंद्र, सुरेंद्र, हिमांशु, कोमल, विजय देव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जबकि इसके मास्टरमाइंड दो मुख्य आरोपी अमित, पूर्व दरोगा राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही दोनों पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# सड़क पर पड़े मिले शिवम की मौत सिर में चोट लगने से हुई थी

## पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित ग्राम भटियाना खुशहालपुर में सड़क पर पड़े मिले एक युवक के शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत सिर में चोट लगने के कारण होना दर्शाया गया है। लेकिन उसके सिर में चोट कैसे लगी इस बारे में अभी रहस्य बना हुआ है। उल्लेखनीय है ग्राम भटियाना खुशहालपुर निवासी 21 वर्षीय शिवम चौहान की उस समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जब वह अपने चचेरे भाई शुभम के घर से वापस अपने घर आ रहा था। उसका शव गांव की सड़क पर पड़ा हुआ मिला था। मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि परिजनों की ओर से घटना को लेकर कोई क्लू नहीं दिया जा रहा है फिर भी पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

# स्योहारा में सचल न्यायालय का आयोजन, 46 वादों का हुआ निस्तारण



**स्योहारा ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में साढ़े ग्यारह बजे से सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश बिजनौर के नेतृत्व एंवं मार्गदर्शन में ग्राम न्यायालय धामपुर के द्वारा नगर पालिका सभागार में सचल न्यायालय का आयोजन किया। इस दौरान 46 वादों का मौके निस्तारण पर किया गया, 5260 की जुर्माना राशि वसूली गई, जिसमें 11 आपराधिक व 3 परिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर मौके पर किया गया। ग्राम न्यायालय धामपुर के पीठासीन अधिकारी प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने बताया गया कि त्वरित सुलभ एंव सस्ता न्याय प्रदान करने के लिये समय-समय पर तहसील धामपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सचल न्यायालयों का संचालन होता रहेगा। स्योहारा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पेशकार सचिन कुमार, आशु लिपिक मंजू चौहान, लिपिक वर्षा चौहान, एडीजीसी परवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार अधिवक्ता अनस सईद, सुमित, आयुष कौशिक, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, मोहम्मद अदनान थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिशु मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में आज सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह के संरक्षण तथा आचार्य भूपेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएम डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल, निरंकारी सत्संग की प्राचार्या नमिता सिंह, मां शांति बाई सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर की महिला आचार्य नेहा रानी, रूपांजलि देवी आदि ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और अनेक प्रभावी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

विद्यालय की महिला आचार्य प्रतिभा सैनी, पूनम राजपूत, मोनिका सिंह, ज्योति राजपूत, निकेतन सिंह, प्रियंका शर्मा, पूजा रानी, दीक्षा शर्मा, सर्वेश सिंह, रेनू शर्मा आदि के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां सिद्धि गोस्वामी और आरोही रानी के अलावा मिहिका धीमान ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले अभिभावकों और अतिथियों का स्वागत किया, वहीं इशिका सैनी तथा प्रतिज्ञा सैनी ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों को उचित स्थान पर बैठने की व्यवस्था में सहयोग किया।

महिला आचार्य सर्वेश रानी तथा मोनिका सिंह के संयुक्त संचालक में आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने महिला शक्ति का आह्वान किया कि वह पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करते हुए घर की चाहर दीवारी तक सीमित न रहकर समाज सेवी कार्यो में भी अपना योगदान दिए जाने का संकल्प ले।

सभी अतिथियों ने कुटुंब प्रबोधन, एक पेड़ मां के नाम, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, भारतीय संस्कृति और संस्कार शिक्षा अर्जन और समाज के प्रति हमारे दायित्व आदि अनेक बिंदुओं पर भी अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संगीता, आचार्य शिव सेवक गोस्वामी तथा दीक्षा शर्मा का भी योगदान रहा।

# धीरेन्द्र चौहान भाकियू भानु के प्रदेश सचिव बने

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश अध्यक्ष गौतम शर्मा के आदेश के अनुसार धीरेंद्र चौहान को संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने उम्मीद जताई है कि धीरेंद्र चौहान संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से अपने काम को अंजाम देंगे तथा संगठन को मजबूत बनाकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।



# शिखर स्कूल में मेधावियों को सम्मानित किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन सी से स्कूल धामपुर के प्रांगण में (एलआईएफ़ एफ़टी) अग्रणी भविष्य प्रतिभा परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में तान्या सागर, शगुन वर्मा तथा कनिष्क राजपूत को ट्रॉफी प्रदान की गई तथा अन्य बच्चों को प्रमाण-पत्र दिये गये। विद्यालय के डायरेक्टर श्री शेखर अवस्थी द्वारा ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र दिये गये। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ऐसे बहुत से महासंघ हैं, जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हैं। आपके पास ऊंचाइयों तक पहुंचने की क्षमता है, इसके लिए आपको मार्गदर्शन की ज़रूरत है। अब आपके पास सहयोग और मार्गदर्शन दोनों हैं। आप भविष्य के लिए इनका लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को पाएं। इस परीक्षा का आयोजन करवाने में विद्यालय के शिक्षक श्री आर.एन. सिंह एवं नमित राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा 147 ( 2 ) यू0पी0 म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री यश चौहान पुत्र श्री गेन्दा सिंह नि. ग्राम सेंदवार तहसील चांदपुर जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों / अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं0 866/A/1 स्थित मौहल्ला चौहानान द. में श्री विनय अग्रवाल पुत्र कैशव सिंह के नाम के स्थान परं अपने नाम सहित श्री गेन्दा सिंह पुत्र रामकुमार सिंह का नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका ग्रहकर रिकार्ड में उपरोक्त सम्पत्ति स्थित मौहल्ला चौहानान में श्री विनय अग्रवाल पुत्र केशव सिंह का नाम दर्ज है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्रीमती लता अग्रवाल पत्नी विनय अग्रवाल नि. मोहल्ला चौहानान किरतपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर द्वारा श्रीमती कुसुम रानी पत्नी श्री गेन्दा सिह नि. मौहल्ला चिम्मन तहसील चांदपुर जिला बिजनौर के नाम हुये रजिस्टर्ड बैनामें की छाया-प्रति, कुसुम रानी का मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की छाया प्रति सहित शपथ-पत्र संलग्न करते हुये विरासतन उपरोक्त सम्पत्ति के 93.63 वर्ग मीटर में श्री विनय अग्रवाल पुत्र केशव सिंह के नाम के स्थान पर अपना नाम यश चौहान पुत्र गेन्दा सिह सहित श्री गेन्दा सिंह पुत्र रामकुमार सिंह नि.गण ग्राम सेंदवार तहसील चांदपुर जिला बिजनौर पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है। अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिर्वतन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जायेगा।

**विवरण:-सम्पत्ति संख्या-866/A/1 ( 93.63 वर्ग मी ) आवासीय स्थित मौहल्ला चौहानान द. किरतपुर ( बिजनौर )**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद किरतपुर**

# फायकू लेखकों को सम्मानित किया गया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय फाइकू दिवस पर आयोजित समारोह में एक हजार एक फायकू लिखने वाले तीन साहित्यकारों को फायकू वाचस्पति सम्मान दिया गया। श्याम विहार कॉलोनी स्थित साहित्यकार डॉ. पंकज भारद्वाज के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी और दृष्टि बाधित बच्चों के कोच नरेश नयाल (देहरादून) ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने फायकू विधा को हिंदी साहित्य के लिए एक सशक्त विधा बताया। फायकू विधा के प्रवर्तक अमन त्यागी ने कहा कि फायकू हिंदी साहित्य क्षेत्र में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और आज देश-विदेश में 500 से अधिक लोग फायकू विधा पर लिख रहे हैं। कार्यक्रम में फायकू विधा पर पहली पुस्तक लिखने वाली साहित्यकार रश्मि अग्रवाल एवं एक हजार एक फायकू लिखने वाले कवि डॉ. अनिल शर्मा अनिल व प्रमोद शर्मा प्रेम को स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर 'फायकू वाचस्पति सम्मान' दिया गया। डॉ. पंकज भारद्वाज के संचालन एवं कृष्ण कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शिवेश्वर पांडे (रुड़की), सतेंद्र शर्मा तंरग, संजय प्रधान, पवन कुमार सूरज, डॉ. पूनम चौहान, रचना शास्त्री, लालबहादुर शास्त्री, राशि अग्रवाल, सुमन चौधरी सुमन, चारू राजपूत, भावना भारद्वाज, अरूण दीक्षित, रमेश माहेश्वरी राजहंस, गोपाल खन्ना, रंजना हरित, गोविंद बौद्ध, कुमार मोनू रूबा, विनोद बाला शर्मा ने भी फायकू विधा पर चर्चा की। आयोजन को सफल बनाने में भूपेंद्र निरंकारी, हर्षित अग्रवाल, कुमार संदर्भ, पुष्पेश रतन, तनय त्यागी आदि का योगदान रहा। अंत में फायकू विशेषांक पर आधारित समाचार पत्र-पत्रिकाओं का लोकार्पण भी किया गया। संयोजक डॉ. पंकज भारद्वाज ने सभी का आभार प्रकट किया।



श्रीमती रश्मि अग्रवाल को सम्मानित करते हुए महिला साहित्यकार।

# एसआईआर फार्म भरवाने में लोगों की मदद कर रहे आसिफ़

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ अपनी टीम के साथ एस आई आर फॉर्म भरवाने के लिए दिन रात मदद कर रहे हैं। एस आई आर फॉर्म भरवाने के लिए लोग इधर-उधर भटकते देखे जा सकते है। ऐसे में वह नगर में बड़ी संख्या में शिक्षित युवा लोगों के एस आई आर फॉर्म भरवाने में पूरी मदद कर रहे हैं। नगर पालिका के सभासद भी वार्ड वासियों के फार्म भरवाने में बहुत मेहनत कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ भी लोगों के एस आई आर फॉर्म भरवाने में पूरी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को फार्म भरवाने में कोई परेशानी आ रही हो तो वह उनसे सम्पर्क कर सकता है। नगर के लगभग सभी वार्डों में एस आई आर के फार्म भरवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है।

## दो जगह से फॉर्म भरने पर सजा की खबर से सहमे लोग

**एसआईआर के तहत दो स्थानों से फॉर्म भरने पर एक साल की सजा होने की चेतावनी का असर** दिखाई दे रहा है, जिन लोगों के शहर व गांव में वोट बने हुए थे,अब वे एक ही जगह वोट बनवाने के लिए एसआईआर फॉर्म भर रहे हैं।



# आज पूरे विश्व में बज रहा भारत की ताकत का डंका- सुरेश राणा



स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ एकता यात्रा निकालते हुए पूर्व मंत्री सुरेश राणा।


मुख्य अतिथि श्री सुरेश राणा को सम्मानित करते हुए नूरपुर क्षेत्र के भाजपा नेता।

**नूरपुर ( चिंगारी )**। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर नगर में एक विशाल एकता यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का समापन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। यात्रा के समापन के बाद कॉलेज प्रांगण में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में नूरपुर पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा को भाजपाइयों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती देश भर में एकता यात्रा निकालकर मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वल्लभ भाई पटेल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर चल रहा है। आज पूरे विश्व में भारत की ताकत व नेतृत्व का डंका बज रहा है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी दिनेश कुमार, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सीपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, जिलामंत्री नरेश भाटी, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, प्रणयमनु गुप्ता, पूर्व सांसद शीशराम रवि, विजेंद्र सिंह, अजयवीर सिंह एडवोकेट, विनोद कुमार, धर्मेन्द्र जोशी, अंकित जोशी आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिछड़ी बेटियों को अपनों से मिला रहा एसआईआर

-मोईन अहमद

**मंडावर ( चिंगारी )**। हिंदुस्तान के कई राज्यों में चल रहे निर्वाचन आयोग के विशेष अभियान (SIR) के तहत एक अनोखी पहल की गई है। इस अभियान के तहत, आयोग ने SIR के तहत अपने पेपर पूरे करने हेतु उन बेटियों को उनके माता-पिता से मिलाया है, जो अपनी मर्जी से शादी करने या नाराज होकर घर से चली गई थीं। दूर-दूर रह रही नाराज़गी में लड़कियों ने अपने-अपने घरवालों से संपर्क करना शुरू किया और अपने-अपने पिता की 2003 की लिस्ट हासिल की जिससे बिछड़े रिश्ते नजदीक होते दिखाई दिये। क्षेत्र की एक महिला अफरोज़ जहां ने बताया कि वो 15 वर्ष पूर्व घर से चली गई थी, तभी से पिता, भाइयों, रिश्तेदारों से कोई वास्ता नहीं था, लेकिन जब उन्होंने दो दिन पूर्व अपने घर, अपने पिता की 2003 वाली लिस्ट के बारे में फोन किया, तो सारे घरवालों की आंखें भर आई, सब बड़े खुश थे, उनसे सबने बात की और लिस्ट उपलब्ध कराई। वहीं निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान (SIR) के तहत, बेटियों को अपने पिता का 2003 की लिस्ट में दर्ज नाम दिखाना होगा, जिससे उन्हें अपने पिता से मिलना तय है। यह अभियान उन बेटियों के लिए एक नई जिंदगी का अवसर प्रदान कर रहा है, जो अपने परिवार से बिछड़ गई थीं। यह अभियान निर्वाचन आयोग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल मतदाता सूची को अद्यतन करने में मदद कर रही है, बल्कि बिछड़ी बेटियों को उनके परिवार से मिलाने में भी मदद कर रही है ।

## छात्र हित में भुइयार एजुकेशनल सोसाइटी आई आगे


### उच्च शिक्षा के लिए छात्र विधांसु भुइयार को सौंपी पचास हजार की धनराशि

**बिजनौर ( चिंगारी )**। भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने गांव नांगल सोती निवासी स्वर्गीय लोकेश कुमार के पुत्र विधांसु कुमार भुइयार को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहयोग के लिए पचास हजार रुपए का चैक सौंपा। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही समाज व राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। सोसायटी आर्थिक रूप से कमजोर व प्रतिभाशाली छात्रों के सहयोग के लिए हर समय तैयार है। भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सहयोग के लिए बीड़ा उठा रखा है। सोसायटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि सोसाइटी पिछले कई वर्षो से लगातार समाज के प्रतिभाशाली छात्रों का सहयोग कर रही है। समिति के सचिव केशव शरण ने कहा कि हम लगातार बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करने में जुटे हैं। कोषाध्यक्ष मास्टर तेजपाल सिंह ने कहा कि छात्रों के हित में समिति ने कई योजनाएं तैयार की हैं। समाज के बच्चों की शिक्षा में नये पंख लगे। इसके लिए हम प्रयासरत हैं। कैरियर गाइडेंस के माध्यम से भी बच्चों को नई दिशा देने में जुटे हैं। छात्र विधांसु कुमार भुइयार ने कहा कि समिति की ओर से उन्हें मिली धनराशि से उन्हें नई ऊर्जा मिली है। इस मौके पर अनिल कुमार, शिक्षक नवीन बंसीवाल, टीकम सिंह, उमेश सिंह, ज्ञान सिंह, कर्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अमित कुमार आदि ने सहयोग किया।

**अच्छी शिक्षा से होगा समाज व राष्ट्र का विकास- राजेंद्र**



## विकलांगों, बुजुर्गों और ग़रीबों को उनकी ज़रूरत का सामान मुहैया कराएंगे एमआर पाशा



**तीन दिसम्बर को कलक्ट्रेट में होंगे रजिस्ट्रेशन**

**बिजनौर ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा हर साल की तरह इस बार भी विकलांगों, विधवाओं, बुजुर्गों एवं गरीबों के लिए मदद का पिटारा खोलने जा रहे हैं। एसोसिएशन के द्वारा शीघ्र ही ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, सिलाई मशीन एवं व्हील चेयर का वितरण किया जाएगा। एसोसिएशन के द्वारा इस संबंध में विशाल शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि इसके लिए तीन दिसम्बर को कलेक्ट्रेट में रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। उन्होंने सभी जरूरतमंदों का आह्वान करते हुए कहा कि वह निर्धारित तिथि को रजिस्ट्रेशन शिविर में पहुंचकर अपना नाम जरूर दर्ज करा दें। ताकि एसोसिएशन के द्वारा लगाए जाने वाले शिविर में उन्हें जरूरी सामग्री मिल सके। दूसरी तरफ श्री पाशा ने कहा कि वर्तमान में विकलांगों व गरीबों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग को सहानुभूति एवं मदद की खास जरूरत है। वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अपना नजरिया बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि न तो विकलांगों व गरीबों को समुचित पेंशन मिल रही है और न ही उन्हें सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। विकास भवन में डूडा का कार्यालय तीसरी मंजिल पर है। वहां पर विकलांग नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे विकलांगों को डूडा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

## राजनीतिक दल सभी बूथों पर अनिवार्य रूप से तैनात करें अभिकर्ता- एडीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )**। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक को आयोजन कर एसआईआर से संबंधित उनकी समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया गया। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को अनिवार्य रूप से तैनात करें ताकि उनके स्तर से भी बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्राप्त हो सके और एसआईआर के काम में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए इस्लामपुरदास स्थित बूथ नंबर 181 का निरीक्षण किया और बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनका सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भरकर जल्द से जल्द जमा कर सकें।

# एसीसी सीमेंट ठेकेदारों का महासम्मेलन बिजनौर में पहली बार हुआ सम्पन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद मार्ग स्थित एक रिसॉर्ट में एसीसी सीमेंट के ठेकेदारों की वर्कशॉप सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक व सहायक बिक्री प्रबंधक पंकज कुमार एवं हिमांशु गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। दीप प्रज्वलन के दौरान जिले के सभी प्रमुख डीलर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को बाबा इवेंट्स (हिमानी) की प्रस्तुति ने और भी आकर्षक बनाया। आयोजन में कई ठेकेदार बंधुओं को बड़े उपहार भी प्रदान किए गए, जिससे माहौल उत्साह से भर गया। एसीसी सीमेंट के जिला इंचार्ज राहुल गौतम ने बताया कि यह सम्मेलन बिजनौर के ठेकेदारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भविष्य में एक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ठेकेदारों में नये कौशल सीखने और उत्साह बढ़ाने में विशेष मदद मिलती है, साथ ही एसीसी सीमेंट की बिक्री में भी वृद्धि




सुनिश्चित है। कार्यक्रम में तकनीकी अधिकारी आयुष, जॉनी, विकुल, अभिषेक, नरेंद्र, गौतम, अंकुर, विकास सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। डीलर बंधुओं में अक्षय सीएफए, आशीष एसपी, शिखरदीप शर्मा, नीरज अग्रवाल, अनुज सिंह, कपिल राठी, अंकुश जैन, चंद्रवीर आदि ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# झालू में पुलिस ने निकाला पैदल मार्च


**झालू ( चिंगारी )।** नगर में नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च नगर में सुरक्षा की भावना जागृत करने और शांति-व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से किया गया। पुलिस ने मुख्य बाजार व अन्य भीड़भाड़ वाले मार्गों में पैदल गश्त कर स्थानीय स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों और राहगीरों से संवाद कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर बातचीत की तथा किसी भी संदिग्ध



गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# जब नेताजी ने मुनव्वर को 'बहादुर सिपाही' बताया था

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली ने सपा के संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर उन्हें नम आंखों से याद करते हुए कहा कि करीब 25 साल पूर्व नजीबाबाद में स्व. विधायक रामस्वरूप सिंह के समर्थन में नजीबाबाद में कासमिया इंटर कॉलेज आए नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हें मंच पर नाम लेकर अपने पास बुलाते हुए उन्हें अपना बहादुर सिपाही बताया था। नेताजी की यह बात उन्हें आज भी अच्छी तरह से याद है। जिंदगी में नेताजी की बातों व विचारों को वह कभी भुला नहीं पाएगे।



# अधिवक्ता व पेट्रोल पम्प कर्मियों के बीच मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

**बिजनौर ( चिंगारी )। सिविल लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर कल देर शाम एक वकील और पंप कर्मियों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना से अफरा-तफरी मच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शुक्रवार को सिविल लाइन पेट्रोल पंप पर दो वकील बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। इस बीच वकील और कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इतने में ही एक युवा वकील ने पेट्रोल पम्प कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। फिर दोनों ओर से धक्का-मुक्की हुई। इस बीच कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया।**

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के मामले में सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2020 में उसकी दोस्ती सजातीय युवक शुभम कुमार से हुई थी। इस दौरान युवक ने उससे शादी का वादा कर कई बार संबंध बनाए। युवती का कहना है कि 23 अक्तूबर को भी आरोपी उसे नगीना स्थित एक होटल में ले गया और उसके साथ संबंध बनाए। अब वह शादी करने से इन्कार करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरक्षी शुभम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की वर्तमान में तैनाती पुलिस लाइन रामपुर में बताई गई है। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पहले सेमीफाइनल में रामपुर ने चांदपुर को पराजित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )। अज़ान ग्रुप, आधारशिला स्कूल एवं बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया की स्मृति में द्वितीय विवेक हॉकी टूर्नामेंट में आज रामपुर व चांदपुर की टीम के बीच पहला सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें रामपुर की टीम ने चांदपुर की टीम को 2-0 से पराजित किया। दूसरा सेमीफाइनल बिजनौर व मिल्क की टीम के बीच खेला जाएगा। कल रविवार को दोपहर 1 बजे से टूर्नामेंट का फाइनल मैच होगा।**

# सम्राट के गृहमंत्री बनते ही बड़ी कार्रवाई

## बेगूसराय में एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय घायल

**बेगूसराय ( एजेंसी/चिंगारी )।** बिहार के बेगूसराय जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज़ होता जा रहा है। तेघड़ा में दो दिन पहले हुए एनकाउंटर के बाद अब साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में जिला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एक ओर बड़ी कार्रवाई की है। देर रात मल्हीपुर और शालिग्रामी गांव के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार जारी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ही भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को नीतीश कुमार सरकार में गृह विभाग का प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले लगभग दो दशक तक यह प्रभार नीतीश कुमार के पास ही था। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि तेघड़ा थाना क्षेत्र का शातिर एवं फरार अपराधी शिवदत्त राय मल्हीपुर इलाके में हथियार खरीदने पहुंचने वाला है। सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन और घेराबंदी में जुट गई। जैसे ही पुलिस टीम शालीग्राम गांव के पास पहुंची, दो बाइक पर सवार करीब छह बदमाशों ने अचानक पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान एक गोली शिवदत्त राय की जांघ में लगी और वह जमीन पर गिर गया। मौके का फायदा उठाकर उसके पांच अन्य साथी अंधेरे में फरार हो गए।



# बरकातपुर मिल ने बनाया पेराई का कीर्तिमान किसानों ने किया अधिकारियों का सम्मान



मिल के सीजीएम (इंजीनियर) अतेन्द्र शर्मा को सम्मानित करते किसान, साथ में मौजूद हैं संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर द्वारा गन्ना पेराई का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित किये जाने पर क्षेत्रीय प्रगतिशील कृषकों ने संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर सहित मिल के वरिष्ठ अधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उधर मिल प्रशासन द्वारा वितरण हेतु लड्डू तैयार कराये जा रहे हैं।

उत्तम शुगर मिल्स ने शुक्रवार को अपने स्थापना काल से अब तक की सर्वोच्च गन्ना पेराई की है। यह गन्ना पेराई मिल की पेराई क्षमता से भी 10 हजार कुंतल ज्यादा है। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने बताया कि शुक्रवार को चीनी मिल ने 24 घंटे में 95,100 कुंतल गन्ना पेराई का कीर्तिमान स्थापित किया है, जो मिल के इतिहास का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। यहां उल्लेखनीय है कि मिल की पेराई क्षमता 85 हजार कुंतल प्रतिदिन की है। नरपत सिंह ने इस कीर्तिमान के लिये अपने समस्त स्टाफ सहित क्षेत्रीय कृषकों का आभार व्यक्त किया है।

उधर, जहां चीनी मिल प्रशासन इस उपलब्धि पर गदगद है, वहीं शुक्रवार को क्षेत्र के कई प्रगतिशील कृषकों ने चीनी मिल में पहुंचकर माल्यार्पण करके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया। मिल अधिकारियों को सम्मानित करने वाले प्रगतिशील कृषकों में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौ. ब्रजवीर सिंह, सहकारी गन्ना विकास समिति नजीबाबाद के चेयरमैन ब्रजकुमार सिंह, गन्ना विकास से सम्बन्धित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के विजेता कुलवीर सिंह प्रधान, यशपाल सिंह, साधुराम गुर्जर प्रधान, गजे सिंह, रालोद नेता वीरपाल सिंह आदि शामिल रहे।

श्री नरपत सिंह राठौर ने बताया कि कल मिल स्टाफ तथा कृषकों को इस उपलब्धि की खुशी में लड्डू वितरित किये जायेंगे। लड्डू बनवाये जा रहे हैं। सम्मानित होने वाले मिल अधिकारियों में संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर, महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, सीजीएम (इंजीनियर) अतेन्द्र शर्मा आदि शामिल रहे।

# दुकान से सोने की तावीज़िया चुराने वाला पकड़ा गया



## सीसीटीबी कैमरे में क़ैद हो गई थी तस्वीर

**मंडावर (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला बाज़ार कलां में स्थित हर्ष ज्वैलर्स पर सोने की तावीजिया चोरी करने वाले युवक को दुकान स्वामी ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। युवक की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे उसकी पहचान करने में मदद मिली। हर्ष ज्वैलर्स के स्वामी हर्ष अग्रवाल पुत्र अरविंद अग्रवाल उर्फ पम्मू ने बताया कि शुक्रवार को एक युवक उनकी दुकान पर आया और सोने की तावीजिया दिखाने की बात की, जिसपर दुकान स्वामी ने उसे तावीजिया दिखाई। युवक ने देखते ही देखते उसमें से एक तावीजिया चुरा ली और चलता बना। जैसे ही दुकान स्वामी को लगा कि इसमें एक तावीजिया कम है, उसने अपने सीसीटीवी कैमरे देखे तो उसमें युवक की तावीजिया चुराने की घटना सामने आई। दुकान स्वामी हर्ष अग्रवाल तुरंत बाहर भागा तो दूर जाकर युवक को दबोच लिया जब युवक को पकड़ा गया, तो उसने अपनी गलती स्वीकार की और सोने की तावीजिया वापस करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने लक्सर थाना क्षेत्र के निवासी रवि के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## कच्ची के साथ पकड़ा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि चेकिंग के दौरान सरवण उर्फ श्रवण पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम तिसोतरा थाना नांगल को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# कनाडाई बहू ने पति व ससुरालियों के साथ की जंगल सफारी



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए कनाडाई बहू कोर्टनी तलवार अपने पति गिन्नी तलवार व ससुरालियों के साथ अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया पहुंची और दो दिन तक जंगल सफारी का जमकर आनंद लिया। बता दे कि कोर्टनी की शादी दिल्ली निवासी गिन्नी तलवार के साथ हुई है। गिन्नी तलवार कनाडा में रहते हैं। कुछ दिनों पहले ही वह कनाडा मूल की अपनी पत्नी कोर्टनी व ढाई वर्षीय पुत्री ईडा के साथ माता-पिता से मिलने दिल्ली आए थे, जहां से उन्होंने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी का प्लान बनाया और प्लान के तहत वह जंगल सफारी हेतु अमानगढ़ आ पहुंचे। अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि ये पर्यटक 19 नवंबर को अमानगढ़ आए और दूसरी पाली में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी की। इस दौरान इन पर्यटकों को हाथी लेपर्ड व अन्य वन्यजीवों के दीदार हुये, जिससे उत्साहित होकर वे पुन: 21 नवंबर की सुबह आए और पहली पाली में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी की।

# भागवत कथा का श्रवण करने से चूको मत - संघर्षी

## श्रीमद भागवत कथा का दूसरा दिन

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला गोकुलनगर चन्द्र लोक कालोनी (सिलारा) में स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर स्थापित श्री लक्ष्मी नारायण जी प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री मदभागवत कथा के द्वितीय दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा व्यास महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी जी ने कहा कि शरीर ही तुंगभद्रा नदी है, आत्मा ही आत्मदेव है, ज्ञान ही गौकर्ण है,निरंकुश आचरण वाला व्यक्ति ही धुंधुकारी है,और सांसारिक प्रबल वासनाएं ही धुंधुकारी की माता धुंधली है। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, को केवल श्री मद्भागवत कथा के माध्यम से ही हष्ट-पुष्ट किया जा सकता है। व्यवहार में उतारे बिना समूचा ज्ञान अंधा है। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की भी तारण हार है। और देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, इसीलिए जब भी, जहां भी, श्री मद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिले, चूको मत, क्योंकि मानव शरीर बड़ा ही दुर्लभ है। कथा में मुख्य यजमान एड. मनु गुप्ता सपत्नीक रहे। कथा में श्रीमती कुसुम शर्मा, श्रीमती किरन वर्मा, श्रीमती अम्बिका वृसल, श्रीमती एकता अग्रवाल, श्रीमती पूनम देवी, श्रीमती ममता भारद्वाज, श्रीमती सपना त्यागी, श्रीमती बीना साधना, श्रीमती हेमलता देवी, श्रीमती प्रकाशो देवी, श्रीमती सरोज चौधरी, श्रीमती मधु वंसल, श्रीमती आशा पवार, श्रीमती मंजु सैलानी, श्रीमती कृष्णा प्रजापति, कु. साक्षी पवार, तानिया सैलानी, हिमानी सैलानी, कु. शिखा प्रजापति, तेजपाल सिंह (बिजली वाले) रविन्द्र अग्रवाल (नमकीन वाले) इत्यादि उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह के विचारों को अपनाने से लोकतंत्र मजबूत होगा - शेख सुलेमान



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता शेख सुलेमान ने कहा कि धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के विचारों को अपनाकर समाज में एकता व भाईचारा बनाकर देश के लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है।

श्री शेख सुलेमान स्थानीय अपने निवास पर आयोजित समाजवादी पार्टी के संस्थापक व देश के पूर्व रक्षामंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस समारोह को सम्बोंधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में एनडीए की सरकार लगातार लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश में लगी हुई है और यदि देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाना है तो धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के विचारों को अपनाकर समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है।

सपा नेता सरदार मलकीत सिंह की अध्यक्षता व प्रमुख दलित नेता पूर्व ग्राम प्रधान रमेश राहसिया के संचालन में आयोजित इस जन्मदिवस समारोह में मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये तथा उनके विचारों पर शेख मौ. निजाम, शेख मौ. यासिर एडवोकेट, हाजी अब्दुल कदीर, शाहिद ट्रांसपोर्टर, मौ. आज़म, शेख इस्लामुद्दीन, अब्दुल वाहिद, नईम अहमद माहीगीर, शेख मौ. फैसल, मौ. अजीम आदि ने प्रकाश डाला।

# पटेल का नाम सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा - बलूनी

## कोटद्वार में निकली भव्य पदयात्रा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर कोटद्वार भाजपा की ओर से राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा तड़ियाल चौक से शुरू हुई तथा मालवीय उद्यान पहुंचकर समाप्त हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में आम जन सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं स्काउट गाइड्स शामिल रहे।

यात्रा समापन पर मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी व आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और सेवा-भावना का प्रेरक प्रतीक है। कहा कि उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में प्राप्त की और आगे चलकर इंग्लैंड जाकर कानून की पढ़ाई पूरी की। वकालत की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने अहमदाबाद में वकालत का अभ्यास शुरू किया। वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और खेड़ा सत्याग्रह, नागपुर ध्वज आंदोलन व बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व किया। जब 1947 में भारत आजाद हुआ, तब देश 550 से अधिक रियासतों में बंटा हुआ था। इन रियासतों को भारत में शामिल करना एक असंभव कार्य माना जा रहा था। लेकिन सरदार पटेल ने अपने राजनीतिक कौशल, कूटनीति और दृढ़ संकल्प के बल पर यह कार्य पूरा किया। भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में उन्होंने उन रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, जो आज भारत की एकता और अखंडता की नींव हैं। उनका यह कार्य हमेशा भारतीय इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

कार्यक्रम में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, मेयर शैलेंद्र रावत, ऋषि कंडवाल, राजेंद्र अंथवाल, वीरेंद्र रावत, हरि पुंडीर, विजयानंद पोखरियाल, विकासदीप मित्तल और मोहन सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।


यात्रा के बाद मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में जनता का अभिवादन करते गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल।

## चार युवकों ने दूधिये से झपटे 10 हजार पुलिस ने चारों को कर लिया गिरफ्तार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** दूध बेचकर अपने गांव वापस जा रहे दूधिये से 10 हजार रुपये छीनकर भागने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे 10 हजार रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सात रोड गिजरेड़ा निवासी गुलाम रसूल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गांव से प्रतिदिन दूध लाकर शहर में बेचता है। 17 नवम्बर को वह दूध बेचने के बाद वाल्मीकि बस्ती रोड पर सड़क किनारे बैठकर रुपयों का हिसाब-किताब लगा रहा था कि अचानक चार अज्ञात युवक वहां आये और उसे मारपीट कर 10 हजार रुपये छीनकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद क्षेत्र के सीसीटीवी खंगालने व आसपास के लोगों से पूछताछ करनी शुरू कर दी। अन्तत: पुलिस ने 19 नवम्बर को एम्स रोड से चार युवकों को लूट गये 10 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अमन भण्डारी व पंकज सिंह निवासी ढालवाला, कैलाश निवासी मायाकुण्ड तथा आकाश उर्फ गोलू निवासी कुम्हार वाली गली बताया।

चारों ने बताया कि वे सब आपस में दोस्त है तथा इसी प्रकार रुपये व मोबाइल फोन आदि छीन झपट कर अपने नशे की पूर्ति करते है। इन्हें गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई दिनेश राणा, एएसआई राजकुमार, कांस्टेबिल रमेश मैठाणी, यशपाल, साहब सिंह, दिनेश महर, अभिषेक व सौरभ बालिया शामिल रहे।

## उच्च शिक्षा के लिए तीन छात्राओं को दी एक लाख की नवानी छात्रवृति

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से गुरूवार को पोखड़ा ब्लॉक के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर गवाणी में आयोजित कार्यक्रम में तीन छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त रूप से पंडित विलोचन प्रसाद नवानी स्मृति छात्रवृत्ति योजना के तहत एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल के प्राचार्य प्रो. एमडी कुशवाहा ने कहा कि प्रतिभा प्रोत्साहन के इन प्रयासों से पहाड़ से हो रहे पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। वहीं भलु लगदू संस्था के संस्थापक सुधीर सुंद्रियाल ने इस तरह के प्रयासों को सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के लिए वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कृषि विश्वविद्यालय भरसार की छात्रा कशिश व निधि, कृषि महाविद्यालय चिरबटिया रुद्रप्रयाग की छात्रा खुशी को प्रशस्तिपत्र एवं आईआईटी कानपुर के सेवानिवृत्त प्रो. राजेंद्र प्रसाद नवानी के सहयोग से संयुक्त रूप से एक लाख रुपये की धनराशि का छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने की। संचालन आचार्य अशोक सुंद्रियाल ने किया। इस दौरान प्रधान रेखा नवानी, इंटर कॉलेज कुटियाखाल के प्रधानाचार्य विजयानंद लिंगवाल, रघुवीर सिंह रावत, सीआरसी गवाणी के प्रभारी वीरेंद्र सिंह रावत, अनुसूया प्रसाद नवानी, संजय नवानी, सर्वजीत भंडारी, नरेंद्र सिंह गुसाईं, कविता नवानी और विनोद गौनियाल आदि मौजूद रहे।

## एथलेटिक मीट में वेलर हाउस बना चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल में गुरूवार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। हाउस स्पर्धा में सर्वाधिक पदक जीतकर वेलर हाउस चैंपियन बना। स्कूल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल की निदेशक उषा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पीएनबी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अंकुर पोद्दार ने किया। प्रतियोगिता में स्कूल के सभी हाउसों ने दमदार प्रदर्शन किया। दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, रिले रेस, बाधा दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में कड़े मुकाबले के बाद वेलर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हार्मनी हाउस द्वितीय, विक्ट्री हाउस तृतीय और होप हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत बालिका वर्ग में सिया रावत और बालक वर्ग में आशुतोष सिंह को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कुंवर राज सिंह मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सर्वाधिक पदक अर्जित करने पर वेलर हाउस को इस वर्ष की ग्लैडविन मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या शालिनी सिंह, सुमित गंगवार, शुभम देशवाल, फुटबाल कोच विजय भोये और हाउस कोऑर्डिनेटर रेनू राणा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## डू समथिंग ने छात्रों की रैली का आयोजन किया युवाओं में नशा प्रवृति रोकने का संदेश दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से आरंभ होने वाले भरत महोत्सव के नौवें संस्करण के पूर्व दिवस पर शुक्रवार को उत्तराखण्ड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच, गढ़वाल सर्वोदय मंडल एवं क्षेत्र के समस्त सामाजिक संगठनों के सहयोग से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के संदेश को लेकर जल निगम स्टोर से मालवीय उद्यान तक स्कूली छात्रों की जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह,संस्था संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पंत ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली समापन पर मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने कहा कि आज उत्तराखण्ड के युवा व स्कूल एवं कालेजों में अध्ययनरत विद्यार्थी नशे के जाल में फँस चुके हैं। नशा भावी पीढ़ी के आर्थिक एवं सामाजिक व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है, इसलिए हम सबको एकजुट होकर इस नशे रूपी दानव को समाज से हटाने का प्रयास करना चाहिए।

तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित लोगों और छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। रैली में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष मयंक कोठारी, अशोक जखमोला,अनिल सैनी, चिराग कुकरेती, अजयपाल सिंह रावत, राकेश लखेड़ा, विजय माहेश्वरी, विजय लखेड़ा एवं विकास देवरानी सहित महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहें।

## जिला उद्योग केन्द्र का ई-कॉमर्स प्रशिक्षण समाप्त 28 युवाओं ने तकनीकि कौशलों का प्रशिक्षण किया प्राप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार द्वारा संचालित 21 दिवसीय ई-कॉमर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम में 28 युवाओं ने प्रतिभाग कर ई-कॉमर्स से संबंधित विभिन्न तकनीकी कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में युवाओं को मास्टर ट्रेनर विवेक जदली ने ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग, वीडियो एडिटिंग और ई-कॉमर्स उद्यमिता से जुड़े उपयोगी मॉड्यूल सिखाये। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को उद्योग संबंधित प्रोजेक्ट कार्य आवंटित किये गये तथा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि नरसिंह कर्णवाल ने कहा कि डिजिटल युग में ई-कॉमर्स तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है और ऐसे कार्यक्रम युवाओं को रोजगार व स्वरोज़गार की दिशा में तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने कहा कि ई-कॉमर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनी तरह का संभवत: उत्तराखंड का पहला विस्तृत कार्यक्रम है, जिसका मकसद युवाओं को डिजिटल बाजार की मांग के अनुरूप दक्ष बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों द्वारा दिखाया गया उत्साह और उनका सीखने का समर्पण इस कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक उपासना सिंह, जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त मितेश्वर आनंद, उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील गुप्ता और सचिव विवेक चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नीरज हत्याकाण्ड का ढाई माह बाद भी पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कोतवाली के गांव पथरा में नपा कर्मचारी नीरज उर्फ नीटू की हत्या का रहस्य ढाई महीने बाद भी बरकरार है। एक सितंबर की शाम को खेत में चारा काटते समय नीरज की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन पुलिस अभी तक अपराधी तक नहीं पहुंच सकी। लगातार जांच और पूछताछ के दावों के बावजूद हत्याकांड का खुलासा न होने से परिजनों में नाराजगी है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि नीरज हत्याकांड के खुलासे के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। कई पहलुओं पर जांच जारी है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

**परिजन लगातार कर रहे न्याय की मांग**

शहर कोतवाली के गांव पथरा निवासी नीरज (35 वर्ष) पुत्र करण सिंह एक सितंबर की शाम को चारा लेने खेत पर गया था। अज्ञात हमलावर ने उसके माथे पर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई थी। नीरज हत्याकांड के करीब ढाई माह बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पाई। नीरज के परिजन लगातार अधिकारियों से संपर्क कर हत्या का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं। हत्याकांड का इतने दिनों तक अनसुलझा रहना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है।

## दर्जनों लोगों से की जा चुकी है पूछताछ

हत्या के बाद पुलिस लगातार मामले की जांच में लगी हुई है। पुलिस अब तक दर्जनों लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। परिवार के लोग थाने और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक न्याय की रोशनी दिखाई नहीं दे रही।


माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर

7983187749 8755001105



आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर

(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन

M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata

नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ

- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


# बच्चे देश का भविष्य, इन्हें संवारना हम सबका कर्त्तव्य- डॉ. इंद्रदेव



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** स्थानीय निवासी पत्रकार एस.एम. असलम के आवास पर कुशलक्षेम जानने पहुंचे पूर्व क्षेत्रीय विधायक एवं भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. इंद्रदेव सिंह ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के लिए एसएम ज़ैद को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश के कल का भविष्य हैं, जिन्हें संवारना हम सबकी जिम्मेदारी है। डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र व देश प्रेम की भावना जागृत करने में हम सबको हर संभव प्रयास करने चाहिए। डॉ. इंद्रदेव सिंह ने पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे पत्रकार एसएम असलम की कुशलता पूछते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके वरिष्ठ भाजपा नेता बदर खान, केके शर्मा सहित कामिल खान, अय्यूब अहमद, दिलशाद सलमानी, नईम अहमद आदि उपस्थित रहे।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


## सीओ ने किया थाने का निरीक्षण



**शेरकोट (चिंगारी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह द्वारा शेरकोट थाने का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शुक्रवार को थाने का त्रैमासिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस क्षेत्र अधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह ने अभिलेखों, शस्त्रागार, माल खाने, ऑफिस, मैस, आवास, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर रूम आदि का निरीक्षण किया और लम्बित विवेचनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टाफ को जनसुनवाई सही ढंग से किये जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, हिरेंद्र सिंह, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901